卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 138 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦23 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सरकारी दफ्तरों में कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए बनेगी एसओपी

### मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव और डीजीपी को दिए कड़े निर्देश



देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी कार्यालयों और कार्यस्थलों पर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव को एक व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के कड़े निर्देश दिए हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर हाल ही में शिक्षा निदेशालय में हुई मारपीट की घटना और सरकारी कर्मियों के साथ बढ़ती अभद्रता के मामलों पर गहरा रोष व्यक्त किया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि गत 21 फरवरी को प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में कुछ अराजक तत्वों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की। कर्मचारी नेताओं ने हाल के दिनों में अन्य स्थानों पर हुई ऐसी ही घटनाओं का जिक्र करते हुए सरकारी सेवकों के मान-सम्मान और (शेष पृष्ठ सात पर)

## काल बनकर गिरा पत्थर,ट्रक चालक की मौत



पौड़ी (उद संवाददाता)। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार तड़के एक हृदयविदारक हादसा हो गया। तोता घाटी क्षेत्र में पहाड़ से अचानक एक भारी-भरकम पत्थर सीधे चलते ट्रक पर आ गिरा, जिसकी चपेट में आने से ट्रक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद मलबे और क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, करीब 55 वर्षीय ट्रक चालक ऋषिकेश से श्रीनगर की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन तोता घाटी के पास पहुंचा, पहाड़ी से गिरे विशालकाय पत्थर ने ट्रक को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। चालक को संभलने तक का मौका नहीं मिला और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। देवप्रयाग थाना के एसओ प्रशांत बहुगुणा ने बताया कि मृतक चालक मूल रूप से कर्णप्रयाग (चमोली) का निवासी था। हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि तोता घाटी क्षेत्र भूस्खलन और पत्थर गिरने की घटनाओं के लिए बेहद संवेदनशील माना जाता है। वर्तमान में इस मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण, पहाड़ी कटिंग और पेस्टिंग का कार्य चल रहा है, लेकिन लगातार गिरते पत्थरों ने निर्माण कार्यों और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आगामी चारधाम यात्रा शुरू होने में अब कुछ ही समय शेष है, ऐसे में बदरीनाथ और केदारनाथ जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर का शव मिलने से सनसनी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली की बगवाड़ा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में जमीन पर पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह बगवाड़ा भट्टा पार्किंग में एक युवक को बेसुध पड़ा देख लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बगवाड़ा चौकी से एसआई मोहन चंद्र जोशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से पूछताछ के बाद अचेत पड़े युवक को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस द्वारा की गई जांच में मृतक की शिनाख्त 30 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र किशन पाल, निवासी दूधिया नगर के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि धर्मेंद्र मजदूरी करता था और सोमवार सुबह हमेशा की तरह काम पर जाने के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रक और पैराफिट के बीच दबकर चालक की मौत

### पहिए के नीचे पत्थर लगाते समय अचानक पीछे खिसका भारी लोडेड ट्रक



अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा-ताकुला मोटर मार्ग पर बिनसर क्षेत्र के अयारपानी के पास देर रात एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना हो गई, जिसमें ट्रक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक अल्मोड़ा से ताकुला की ओर जा रहा था, तभी अयारपानी के पास वाहन अचानक फिसलने लगा। ट्रक को पीछे खिसकने से रोकने और उसे नियंत्रित करने के लिए चालक भूपेंद्र सिंह नीचे उतरा और पहिए के आगे पत्थर लगाने लगा। इसी दौरान लोहे से लदा भारी ट्रक अचानक तेजी से नीचे की ओर खिसक गया और चालक ट्रक व सड़क किनारे बने पैराफिट के बीच बुरी तरह फंस गया।घटनास्थल से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने शोर मचाया और चालक को बचाने की कोशिश की, लेकिन ट्रक के अत्यधिक वजन के कारण उसे हिला पाना संभव नहीं हो सका। सूचना मिलने पर जिला आपदा प्रबंधन विभाग और पुलिस की रेस्क्यू टीम रात करीब 1:35 बजे मौके पर पहुंची। मुख्य आरक्षी नवीन कुँवर के नेतृत्व में टीम ने अत्याधुनिक एयर लिफ्टिंग बैग और रेस्क्यू उपकरणों (शेष पृष्ठ सात पर)

## ज्वैलर्स की दुकान से नौकर ने उड़ाई चांदी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार स्थित एक प्रतिष्ठित ज्वैलरी शॉप में काम करने वाले कर्मचारी द्वारा चांदी के जेवर चोरी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद घर में बीमारी का बहाना बनाया और दुकान से रफूचक्कर हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद दुकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जे.जे. ज्वैलर्स के स्वामी हरदीप भल्ला ने बाजार चौकी पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार और टेंपो की भिड़ंत में पांच लोग गंभीर



काशीपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत किन्नी खेड़ा रोड पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सेंट मेरी स्कूल के सामने बने स्पीड ब्रेकर पर एक कार और टेंपो की जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 112 पुलिस टीम और स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।जानकारी के अनुसार, रात लगभग 12:30 बजे किन्नी खेड़ा रोड पर यह दुर्घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कूल के सामने बने ब्रेकर पर अचानक संतुलन बिगड़ने से तेज रफ्तार कार और टेंपो आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों में सवार लोग किन्नी खेड़ा की ओर ही जा रहे थे। हादसे के वक्त टेंपो में तीन और कार में दो लोग सवार थे। गनीमत रही कि इस भयावह टक्कर में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि सभी पांचों सवारों को गंभीर (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेहड़ की टिप्पणी पर आक्रोश, कोली समाज ने फूंका पुतला



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश कोली के खिलाफ किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा की गई कथित विवादित टिप्पणी का मामला गरमा गया है। इसके विरोध में सोमवार को रम्पुरा क्षेत्र में कोली समाज के दर्जनों लोगों ने प्रदर्शन करते हुए विधायक बेहड़ का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शनकारियों ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक द्वारा की गई टिप्पणी न केवल सुरेश कोली का व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि यह पूरे कोली समाज और दलित वर्ग का अपमान है। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी से विधायक की दलित विरोधी मानसिकता उजागर हो गई है, जिसे समाज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि गलत भाषा का प्रयोग करने वालों को आने वाले समय में समाज एकजुट होकर करारा जवाब देगा। पुतला दहन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि पूरा कोली समाज सुरेश कोली के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

## छाती ठोक के जो बोले वो ठुकराल है, बाकी ....

### मोहन खेड़ा की टिप्पणी पर ठुकराल के समर्थन में सोशल मीडिया पर गरमाया माहौल, बोले- ठुकराल 'रिजेक्टेड माल' तो खेड़ा कचरा

-शिवांश-



रुद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को "भाजपा का रिजेक्टेड माल" कहने वाले कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा की टिप्पणी के बाद सियासी माहौल और गरमा गया है। सोशल मीडिया पर लगातार आ रही प्रतिक्रियाओं ने इस विवाद को और तूल दे दिया है। बड़ी संख्या में लोग खेड़ा की भाषा पर नाराजगी जता रहे हैं, जबकि ठुकराल के समर्थन में खुलकर राय रखी जा रही है। कांग्रेसी नेता मोहन खेड़ा द्वारा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल पर की गई टिप्पणी की वीडियो दर्पण न्यूज पर प्रसारित हो रही है। उपरोक्त पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर मोहन खेड़ा के खिलाफ जमकर टिप्पणी कर रहे हैं। एक ने तो यहां तक लिख दिया कि यदि राजकुमार ठुकराल रिजेक्ट माल है तो मोहनखेड़ा कचरा है। वायरल वीडियो में खेड़ा द्वारा ठुकराल पर तंज कसने के बाद शुरू हुई बहस अब जनमत की लड़ाई का रूप लेती दिख रही है। समर्थकों का कहना है कि ठुकराल जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले नेता हैं और उनकी लोकप्रियता को इस प्रकार के शब्दों से कम नहीं आंका जा सकता। दर्शकों द्वारा सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं-

(शेष पृष्ठ सात पर)

### खेड़ा के बयान पर ठुकराल की ओर से अब तक प्रतिक्रिया नहीं



रुद्रपुर। सोशल मीडिया पर विवाद बढ़ने के बावजूद राजकुमार ठुकराल की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। उधर, मोहन खेड़ा की टिप्पणी ने रुद्रपुर की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। अब देखना होगा कि यह विवाद आगे क्या राजनीतिक मोड़ लेता है और क्या कांग्रेस नेतृत्व इस पर कोई स्पष्ट रुख अपनाता है।

# शक्ति और संस्कार से होगा समाज परिवर्तन: मोहन भागवत

देहरादून। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "संघ यात्रा –नये क्षितिज, नये आयाम" विषय पर प्रमुख जन गोष्ठी एवं विविध क्षेत्र समन्वित संवाद का आयोजन हिमालयन कल्चरल सेंटर के सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संघ के सरसंघचालक माननीय मोहन भागवत जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरसंघचालक द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं सामूहिक वंदेमातरम् गायन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन विभाग प्रचार प्रमुख गजेन्द्र खंडूड़ी ने किया। प्रांत कार्यवाह दिनेश सेमवाल जी ने अपने प्रारंभिक संबोधन में संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत उत्तराखंड में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों–विजयदशमी पर पथ संचलन, घोष संचलन, व्यापक गृह संपर्क अभियान, परिवारों में प्रत्यक्ष संपर्क तथा हिंदू सम्मेलनोंकी जानकारी दी तथा आगामी योजनाओं का भी विस्तार से उल्लेख किया। सर संघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ को बाहर से देखकर उसकी वास्तविकता को नहीं समझा जा सकता। पथ संचलन देखकर कुछ लोग उसे अध सैनिक संगठन समझ लेते हैं, राष्ट्रप्रेम के गीत सुनकर संगीत मंडली मान लेते हैं, सेवा कार्य देखकर सेवा क्षेत्र का संगठन समझ लेते हैं, किंतु संघ इन सीमाओं से परे एक व्यापक सामाजिक शक्ति है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे चीनी की मिठास को जानने के लिए उसे चखना पड़ता है, वैसे ही संघ को समझने के लिए संघ के कार्य में आना आवश्यक




है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ का किसी संगठन से प्रतिस्पर्धा नहीं है। राष्ट्र सशक्त होगा तो राष्ट्रवासी भी सशक्त होंगे। यदि राष्ट्र दुर्बल होगा तो व्यक्ति अपने ही देश में सुरक्षित नहीं रह पाएगा। संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण है, क्योंकि सशक्त व्यक्ति से ही सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। संघ संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन का उल्लेख करते हुए भागवत जी ने कहा कि वे जन्मजात देशभक्त और विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। बाल्यकाल में महारानी विक्टोरिया के जन्मदिवस पर विद्यालय में वितरित मिठाई लेने से उन्होंने यह कहकर इंकार कर दिया था कि वे अपने देश पर शासन करने वाले के उत्सव में भाग नहीं लेंगे। वे अनुशीलन समिति के सक्रिय सदस्य रहे तथा वंदेमातरम् गान के कारण अंग्रेजों द्वारा देशद्रोह का मुकदमा भी झेला। उनका संकल्प था कि भारत बार–बार पराधीन न हो, इसी उद्देश्य से संघ की स्थापना की गई। भागवत जी ने कहा कि लम्बी ऐतिहासिक यात्रा के पश्चात आज विश्व भारत को पुनः नेतृत्वकारी भूमिका में देखने की आशा कर रहा है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से संघ की गतिविधियों से जुड़कर समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने का आह्वान किया। संघ के "पंच परिवर्तन" सिद्धांतों के माध्यम से भारत को परम वैभव तक ले जाने का संकल्प लेने का आग्रह भी उन्होंने किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव का मूल कारण व्यवस्था नहीं, बल्कि मन है। अंधकार को पीटने से नहीं, प्रकाश जलाने से समाप्त किया जाता है। व्यवहार में परिवर्तन से ही भेदभाव मिटेगा। संघ में कई स्वयंसेवक दशकों तक कार्य करते हैं, पर पहचान की अपेक्षा नहीं रखते क्योंकि कार्य ही प्रधान है। डिजिटल युग पर उन्होंने कहा कि तकनीक साधन है, साध्य नहीं। उसका उपयोग संयम और अनुशासन से होना चाहिए। परिवार में आत्मीयता और समय देना आवश्यक है। तकनीक के लिए मनुष्य की बलि नहीं चढ़ाई जा सकती। उन्होंने कहा कि जो जोड़ने का कार्य करे वही हिंदू है। मातृभूमि के प्रति भक्ति अनिवार्य है। विश्व सत्य से अधिक शक्ति को समझता है, इसलिए शक्ति अर्जित करना आवश्यक है, किंतु उसका उपयोग मर्यादित होना चाहिए। भागवत जी ने कहा कि महिलाएं पूर्णतः स्वतंत्र हैं। देश संचालन में उनकी भागीदारी 33 प्रतिशत ही नहीं, 50 प्रतिशत तक होनी चाहिए। प्रतिबंध काल में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उत्तराखंड की नदियों और पर्यावरण संरक्षण पर उन्होंने समन्वित नीति और स्थानीय सहभागिता पर बल दिया। शिक्षा में पाठ्यक्रम से अधिक शिक्षकों के संस्कारों को महत्वपूर्ण बताया। आरक्षण, वर्गीकरण और समान नागरिक संहिता जैसे विषयों पर उन्होंने कहा कि समाज को प्रमाणिकता और सद्भाव से कार्य करना चाहिए। विभाजन की मानसिकता से बाहर आना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ हिंदुत्व की राजनीति नहीं करता, बल्कि व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज उत्थान का कार्य करता है। भ्रष्टाचार मन से प्रारंभ होता है और वहीं समाप्त किया जा सकता है। जनसंख्या को उन्होंने बोझ और संसाधनदोनों दृष्टियों से देखने की आवश्यकता बताई तथा समान रूप से लागू होने वाली विचारपूर्ण नीति पर बल दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, उद्योगजगत से जुड़े प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

# सड़क हादसे में वृद्ध की मौत मामले में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पनचक्की रोड स्थित अंबिका विहार के पास रविवार को हुई सड़क दुर्घटना, जिसमें एक वृद्ध व्यक्ति की अकाल मृत्यु हो गई थी, को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। जिलाधिकारी ने इस घटना की निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं विधिसम्मत जांच सुनिश्चित करने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 के अंतर्गत मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। इस महत्वपूर्ण जांच के लिए नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी ए पी वाजपेयी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने जांच अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे दुर्घटना के कारणों का विस्तृत विवरण जुटाएं और यह पता लगाएं कि क्या घटना में किसी पक्ष की लापरवाही या यातायात नियमों का उल्लंघन हुआ है। साथ ही, उन्हें भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अपनी प्रभावी संस्तुतियां भी 15 दिन के भीतर उपलब्ध कराने को कहा गया है।जिलाधिकारी ने पुलिस और प्रशासन के अन्य संबंधित



अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जांच अधिकारी को घटना से जुड़े समस्त साक्ष्य, जैसे सीसीटीवी फुटेज, पंचनामा रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान तत्काल उपलब्ध कराएं। मजिस्ट्रियल जांच के आदेश मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट ए पी वाजपेयी ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के पास इस घटना से संबंधित कोई जानकारी या साक्ष्य है, तो वह 15 दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर उनके कार्यालय में आकर उपलब्ध करा सकता है।दुर्घटना के उपरांत सिटी मजिस्ट्रेट ए पी वाजपेयी ने ट्रैफिक पुलिस, कार्यदायी संस्था यूयूएसडीए एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ पनचक्की से चौफला एवं दो नहरिया क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों और स्थानीय निवासियों से चल रहे कार्यों का फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों के दौरान आम जनता को असुविधा न हो, इसके लिए ट्रेंचलेस पद्धति से कार्य किया जाए। सिटी मजिस्ट्रेट ने आदेश दिया कि जहां भी निर्माण हेतु गड्ढे बनाए जा रहे हैं, वहां यातायात संचालन के लिए सड़क को चौड़ा किया जाए। इसके लिए उन्होंने सड़क की दूसरी ओर बने फुटपाथ या रैंप हटाकर रास्ता सुगम करने और कार्य समाप्ति के बाद उन्हें पूर्व स्थिति में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान यूयूएसडीए के परियोजना प्रबंधक कुलदीप कुमार, यातायात निरीक्षक महेश चंद्रा और सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता विजय जोशी आदि मौजूद रहे।

# कार खाई में गिरने से पति पत्नी की मौत

पिथौरागढ़ । घाट–पिथौरागढ़ नेशनल हाईवे पर रविवार की शाम दर्दनाक हादसा हो गया। शादी से लौट रहे दंपती की कार खाई में गिर गई। इस दौरान दोनों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बजेटी निवासी योगेश कुमार(38) पुत्र स्व. जीवन राम अपनी पत्नी निधि राज(26) के साथ एसयूवी यूके 06 ऐ.जेड–8788 से पहले गंगोलीहाट गए। वहां से विवाह समारोह में शामिल होने के लिए लोहाघाट गए थे। लोहाघाट से वापस पिथौरागढ़ लौटते समय शाम करीब पौने छह बजे घाट–पिथौरागढ़ के बीच चुपकोट बैंड के पास दंपती की कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई।हादसे का पता चलने पर एसडीआरएफ व पुलिस टीम ने आसपास के लोगों के साथ राहत बचाव कार्य शुरू किया। घाट चौकी इंचार्ज जितेंद्र सोराड़ी व राजस्व पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। रात में काफी दिक्कतों के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन कर शवों को खाई से निकालकर सड़क तक पहुंचाने की कार्रवाई शुरू हुई। तहसीलदार विजय गोस्वामी ने हादसे में दंपती की मौत की पुष्टि की। योगेश और निधिराज की शादी वर्ष 2021 में हुई थी। मृतक महिला का नगर पालिका छावनी परिषद रानीखेत से कुछ दिन पूर्व ही हल्द्वानी स्थानांतरण हुआ था, जबकि पति लोक निर्माण विभाग पिथौरागढ़ में थे।



## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्चतम न्यायालय में योजित एस एल पी संख्या 31060–31061/2025 दिनांक 27.01.2026 को पारित निर्देश के अनुपालन में याचिकाकर्त्ताओं द्वारा खरीफ सीजन की कटी हुई धान की फसल जो कि प्राग फार्म के खलिहान में सुरक्षित रखी हुई है कि खुली नीलामी दिनांक 28.02.2026 समय प्रातः 11.30 स्थान प्राग फार्म गोकुल नगर तुर्कागौरी तहसील किच्छा में आयोजित की जानी है जिसमें इच्छुक बोली दाता नियत तिथि व समय पर प्राग फार्म गोकुल नगर तुर्कागौरी तहसील किच्छा उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

बोली की शुरूआत भारत सरकार के पत्र संख्या 6–1/2025 – MSP-ES दिनांक 02.06.2025 में उल्लेखित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रू0 प्रति क्विंटल से की जाएगी।

प्रबंधक– मनोज नारायण अग्रवाल
मो08057911622

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं0–P3826316 में मेरी पत्नी का नाम गलती से महिमा पाठक (MAHIMA PATHAK) दर्ज हो गया है जो कि गलत है। जबकि मेरी पत्नी का सही और वास्तविक नाम ममता पाठक (MAMTA PATHAK) है जो कि आधार कार्ड पैनकार्ड एवं शैक्षिक दस्तावेजों आदि में भी दर्ज है, जो कि सही है।

पंकज पाठक पुत्र श्री प्रेम दत्त पाठक
निवासी–बनबसा, चन्दनी, चम्पावत, उत्तराखण्ड–262310

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इन्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# हिंदू सम्मेलन में लिया कुरीतियों एवं भेदभाव मिटाकर सनातन को मजबूत करने का संकल्प

## समाज के लिए प्रेरणा बने गणमान्य लोगों एवं महिलाओं को किया सम्मानित

किच्छा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। हिंदू सम्मेलन में सैकड़ो लोगों ने शिरकत की और समाज में फैली कुरीतियों और जातियों के भेदभाव को मिटाकर हिंदू समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया गया। नगर स्थित उत्तरांचल कॉलोनी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ वरिष्ठ पुरोहित प्रभात कुमार आर्य, लालकुआं से आए बृजपाल चौधरी, महिला वक्ता शैली बंसल, विभाग बौद्धिक प्रमुख कैलाश चंद्र त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम मेंरुद्रपुर से आए आर्य समाज के पुरोहित प्रभात कुमार आर्य ने कहा कि भारत एकता का प्रतीक रहा है और हिंदू समाज ने हमेशा अहिंसा अपना कर समाज व देश हित में मानवता का संदेश दिया है। उन्होंने कविता के माध्यम से कहा कि ष्हो विचार समान सभी का– चित्तमन सब एक हो, ज्ञान देता हूं बराबर – हो उपासक सब नेक होंष् उन्होंने कहा कि जब तक हम सभी मिलकर राष्ट्र को उन्नति के मार्ग पर ले जाने के लिए एक नहीं होंगे, तब तक देश तीव्र गति से विकास के पथ पर आगे नहीं बढ़ पाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र का भेदभाव मिटाकर सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगे आना होगा। महिला वक्ता शैली बंसल ने कहा कि एक बच्चे के लिए उसकी मां ही पहली गुरु होती है और महिला के हाथों में पूरे परिवार का आचरण, व्यवहार और संस्कार की बागडोर होती है। उन्होंने हर महिला से आह्वान करते हुए कहा कि अपने घर और परिवार का वातावरण शुद्ध करें और बच्चों को महापुरुषों, अपने पूर्वजों और धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी देकर विधर्मियों से बचाव को लेकर जागरूक करें। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को वरिष्ठ समाजसेवी संजीव कुमार सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान सिलाई सेंटर के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली श्रीमति मीरा तिवारी, परिवार के लिए मेहनत करने वाली नगर की प्रथम महिला ई– रिक्शा चालक रिंकू गोस्वामी सहित समाज में योगदान देने वाले अन्य लोगों को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन भुवन चंद जोशी एवं संतोष शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सम्मेलन के समापन अवसर पर कार्यक्रम संयोजक संजीव खन्ना, संजीव कुमार सिंह सहित अतिथियों ने सामूहिक रूप से भारत माता की आरती की और वंदे मातरम् का उद्घोष किया। इस अवसर पर संजीव खन्ना, संजीव कुमार सिंह, तारी टाकुली, शैली फुटेला, लता सिंह, प्रेमलता चौहान, सुभाष तनेजा, राजेश शुक्ला, संगीता शर्मा, विवेक राय, प्रमोद पंत, श्याम बिष्ट, कमल भाटिया, कमलेंद्र सेमवाल, कमला तिवारी, महेंद्र पाल, अभिषेक सक्सेना, भगत सिंह, भूपेंद्र नेगी, भावना बिष्ट, श्रीकांत राठौर, बीना पांडे आदि उपस्थित रहे।



# बनभुलपूरा अतिक्रमण मामले में सुनवाई कल, पुलिस अलर्ट

हल्द्वानी। उत्तराखंड हाई कोर्ट में वनभूलपुरा क्षेत्र रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण मामले की सुनवाई को देखते हुए पुलिस-प्रशासन सतर्क हो गया है। माना जा रहा है कि हाईकोर्ट उपरोक्त अतिक्रमण के मामले में कल अपना निर्णय दे सकता है इसी क्रम में सोमवार को एसपी सिटी मनोज कत्याल ने वनभूलपुरा क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। एसपी सिटी ने बताया कि अतिक्रमण मामले में मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई निर्धारित है। इसे देखते हुए पूरे क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीएसी फोर्स तैनात कर दी गई हैं। पूरे इलाके की निगरानी ड्रोन कैमरों के माध्यम से की जाएगी तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इससे पूर्व जिलाधिकारी के निर्देश पर वनभूलपुरा क्षेत्र में लाइसेंसी शस्त्र भी अस्थायी रूप से जमा करवाए जा चुके हैं, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं, रेलवे क्षेत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे पुलिस अधीक्षक अरुण भारती भी रेलवे पुलिस बल के साथ मौके पर तैनाती सुनिश्चित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ दायर याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। माना जा रहा है कि सुनवाई के बाद न्यायालय इस मामले में कल महत्वपूर्ण निर्णय दे सकता है। संभावित निर्णय के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है।



# मारपीट के विरोध में बोर्ड मुख्यालय पर तालाबंदी, शिक्षकों का कार्य बहिष्कार

रामनगर (उद संवाददाता)। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक के साथ उनके कार्यालय में हुई अभद्रता और मारपीट की घटना ने अब तूल पकड़ लिया है। इस घटना से आक्रोशित उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के कर्मचारियों और शिक्षकों ने सोमवार को रामनगर स्थित बोर्ड मुख्यालय के बाहर कार्य बहिष्कार कर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। नाराज कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र बनाया जाएगा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधायक उमेश शर्मा काऊ की मौजूदगी में उनके समर्थकों ने शिक्षा निदेशक के साथ उनके ही दफ्तर में मारपीट की, जो समूचे शिक्षा विभाग और शिक्षक समाज का अपमान है। धरने पर बैठे वक्ताओं ने कहा कि इस घटना से प्रदेश भर के शिक्षकों में भारी रोष है। विरोध स्वरूप बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी में लगे सभी शिक्षक और कर्मचारी काली पट्टी बांध कर कार्य कर रहे हैं। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में वे केवल बोर्ड परीक्षा से संबंधित अनिवार्य कार्य ही करेंगे, इसके अलावा विभाग के किसी भी अन्य कार्य का पूर्ण बहिष्कार रहेगा। शिक्षक संगठनों ने मांग की है कि पुलिस जल्द से जल्द विधायक और उनके हमलावर समर्थकों को गिरफ्तार करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार और प्रशासन ने इस मामले में टालमटोल की, तो पूरे उत्तराखंड के शिक्षक सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# 28 को गदरपुर में होगा विराट हिंदू सम्मेलन

गदरपुर। 28 फरवरी को सनातन मंदिर, बुध बाजार में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने सकैनिया ग्राम प्रधान मीना चौधरी के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की गई तथा कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई।विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि यह सम्मेलन क्षेत्र में सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के संरक्षण को समर्पित होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक जनसंपर्क करने का आह्वान किया। बैठक में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय चौधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं वर्तमान किसान मोर्चा काशीपुर के जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह सोनू, सर्वजीत सिंह, सकैनिया व्यापार मंडल महामंत्री पृथ्वी बजाज, ठाकुर रामपाल सिंह, कनकटा ग्राम प्रधान गुरजीत सिंह, सुरजीत सिंह, विनोद चौधरी, अंकित चौधरी, जोशन, कुलदीप सिंह, प्रेमपाल, बकनिया ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रवि शंकर मौर्य उर्फ गुड्डू, वीरेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।बैठक के दौरान सम्मेलन की व्यवस्थाओं, अतिथियों के स्वागत, जनसंपर्क अभियान तथा अन्य तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से सम्मेलन में पहुंचकर इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की।



# चोरी का खुलासा,शातिर चोर गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली रुद्रपुर की रम्पुरा चौकी पुलिस ने प्रीत विहार कॉलोनी में हुई लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में चोरी के मामले में पांच वर्ष की जेल की सजा भी काट चुका है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी के जेवरात और नगदी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार, बीती 25 जनवरी को प्रीत विहार निवासी शैलेश तिवारी के बंद मकान से अज्ञात चोरों ने हजारों की नगदी और लाखों के जेवरात पार कर दिए थे। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना रम्पुरा चौकी प्रभारी कविंद्र शर्मा को सौंपी गई थी। एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि खुलासे के लिए पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। शनिवार शाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध युवक मोदी मैदान में मौजूद है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पवन शर्मा पुत्र स्व. ओमप्रकाश शर्मा, निवासी रविंद्र नगर बताया। तलाशी और पूछताछ के दौरान उसने प्रीत विहार में चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के पास से एक जोड़ी सोने की कान की बाली, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक पुराना कीपैड फोन और चोरी के पैसों से खरीदा गया एक नया पोको कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया। इसके अलावा चोरी का माल बेचकर जमा किए गए 84 हजार रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार पवन शर्मा के खिलाफ पूर्व में चोरी और एनडीपीएस के कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी कवींद्र शर्मा, एएसआई नवीन जोशी और महेंद्र कुमार शामिल रहे।



# ओवरलोडिंग के विरुद्ध अभियान जारी, जिले भर में 47 वाहन सीज



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेशानुसार एसएसपी ऊधम सिंह नगर अजय गणपति द्वारा संपूर्ण जनपद में ओवरलोडिंग के विरुद्ध वृहद स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। रविवार को ऊधम सिंह नगर पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में जाल बिछाकर बड़ी संख्या में ओवरलोड वाहनों को पकड़ा। पुलिस की इस सक्रियता से नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालों में हड़कंप मचा रहा।कार्रवाई के विवरण के अनुसार कोतवाली काशीपुर पुलिस ने 01 ओवरलोड वाहन का चालान कर 01 वाहन सीज किया। कोतवाली आईटीआई पुलिस द्वारा 02 वाहनों के चालान और 02 वाहनों के कोर्ट चालान किए गए। गदरपुर पुलिस ने 02 वाहन सीज कर 02 का चालान काटा। थाना पुलभट्टा पुलिस ने सर्वाधिक सक्रियता दिखाते हुए 02 चालान किए और 04 ओवरलोड वाहन सीज किए। सितारगंज पुलिस ने भी 02 चालान कर 02 वाहन सीज किए। खटीमा कोतवाली पुलिस द्वारा 04 ओवरलोड वाहनों को चालान करने के साथ ही 04 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गई।यातायात पुलिस रुद्रपुर ने 01 चालान और 01 कोर्ट चालान के अलावा ओवरस्पीडिंग में 04 चालान और 04 कोर्ट चालान किए। यातायात काशीपुर पुलिस ने 02 चालान, 01 सीज और 02 कोर्ट चालान की कार्रवाई की। सीपीयू रुद्रपुर ने भी 01 चालान और 01 कोर्ट चालान किया। एसएसपी अजय गणपति के निर्देशानुसार अब तक इस अभियान में कुल 56 ओवरलोड वाहनों के चालान किए गए हैं, जबकि 47 वाहनों को सीज किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 27 वाहनों के कोर्ट चालान और ओवरस्पीड में 08 चालान किए गए हैं। पुलिस विभाग के अनुसार सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

# राष्ट्र निर्माण का जन-आंदोलन है मन की बात कार्यक्रम: शुक्ला

किच्छा (उद संवाददाता)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम श्मन की बातश को सोमवार को किच्छा स्थित बूथ संख्या 121 पर कविता मान के आवास पर सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय निवासियों के साथ कार्यक्रम में शिरकत की। संवाद सुनने के उपरांत राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम केवल एक संवाद मात्र नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त जन- आंदोलन बन चुका है। यह कार्यक्रम समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। उन्होंने आत्मनिर्भरता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता के लिए प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों को प्रेरित किए जाने के प्रयासों की सराहना की।राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के विकास में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता को अनिवार्य बताया है। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने, स्वच्छ भारत मिशन एवं जल संरक्षण जैसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं की उपलब्धियों का उल्लेख किया और युवाओं को नवाचार, तकनीक एवं स्टार्टअप के माध्यम से देश को नई दिशा देने के लिए प्रोत्साहित किया। पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि प्रधानमंत्री के इन संदेशों को जन-जन तक पहुंचाकर उन्हें व्यवहार में उतारने का संकल्प लें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी नागरिकों ने राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने की शपथ ली।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, मनमोहन सक्सेना, संदीप अरोड़ा, संजीव खन्ना, कविता मान, इमरान मलिक, विशाल गुप्ता, श्याम सुंदर बिष्ट, प्रकाश पंत, धनीराम, ओम तनेजा, सुभाष तनेजा, विकी अरोड़ा, सोनी चीमा, करुणा तिवारी, मधु गुप्ता, सुनीता गंगवार, रजनी देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉक्टर हारून मलिक, संदीप गोयल, अमरीक सिंह, रितिक कश्यप, देवेंद्र शर्मा, बाबू अल्वी, विजय अरोड़ा, पूरन भट समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# अलग अलग स्थानों से दो बाईकें चोरी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में इन दिनों दुपहिया वाहन चोर सक्रिय नजर आ रहे हैं। पुलिस को मिली दो अलग-अलग तहरीरों के आधार पर अज्ञात चोरों ने ऑफिस के बाहर और एक वैवाहिक कार्यक्रम की पार्किंग से मोटरसाइकिलें उड़ा दी हैं। पहली घटना संजय नगर क्षेत्र की है। वार्ड नंबर 11 निवासी बिमल बाबू सक्सेना पुत्र राम निवास सक्सेना ने पुलिस को बताया कि वह एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड में कर्मचारी हैं। बीती 6 फरवरी को उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्रो (संख्या-यूके 06एबी4582) रोज की तरह ऑफिस के सामने खड़ी की थी। शाम करीब सवा चार बजे जब वह बाहर निकले, तो मोटरसाइकिल गायब मिली। पीड़ित का दावा है कि उनके पास चोरी का सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है। वहीं चोरी की दूसरी घटना अशोक विहार, फुलसुंगा स्थित एक बैंकट हॉल में हुई। उत्तर प्रदेश के रामपुर निवासी अंकित कुमार ने तहरीर देकर बताया कि वह 19 फरवरी को गोविंद बैंकट हॉल में एक विवाह समारोह में शामिल होने आए थे। उन्होंने अपनी ग्रे-ब्लैक रंग की स्प्लेंडर प्लस (संख्या- यूपी22एपी 3799) को रात करीब 11 बजे पार्किंग में लॉक करके खड़ा किया था। अगले दिन सुबह 7 बजे जब वह वापस आए, तो मोटरसाइकिल वहां से नदारद थी। यह बाइक उनके चचेरे भाई भूकनलाल के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने दोनों मामलों में तहरीर प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है।

# हिंदू समाज की चेतना और एकता का महापर्व है विराट हिंदू सम्मेलनः धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को बालावाला देहरादून में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में प्रतिभाग करते हुए कहा कि यह आयोजन मात्र एक सम्मेलन नहीं है बल्कि हिंदू समाज की चेतना, एकता और आत्मगौरव का महापर्व है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदू समाज आज न केवल जागृत और समर्पित है बल्कि अपने धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र के प्राचीन वैभव को पुनः लौटाने के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ संगठित भी हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में पूरे देश में इस प्रकार के विराट हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उनके लिए यह सौभाग्य का विषय है कि वे विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बीते 100 वर्षों में देश के सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्जीवित कर राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन के हृदय में सशक्त रूप से स्थापित करने का अभूतपूर्व कार्य किया है। शिक्षा, कृषि, ग्राम विकास, समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण, आदिवासी उत्थान, सेवा कार्य, कला और विज्ञान जैसे तमाम क्षेत्रों में संघ के स्वयंसेवकों ने निस्वार्थ भाव से अपना योगदान दिया है।भारत की विविधताओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां भाषा, संस्कृति, जाति और क्षेत्र के आधार पर अनेक भिन्नताएं हो सकती हैं लेकिन इन सबके बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हमेशा भेदभाव से ऊपर उठकर भारत की एकात्मता को मजबूत किया है और जन-जन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना जगाई है। उन्होंने कहा कि देश में भाषाएं, परंपराएं, पूजा पद्धतियां और जीवन शैली अलग हो सकती है परंतु मूल सत्य और मानवीय मूल्य एक ही रहते हैं और इसी भावना का व्यापक स्वरूप ही हिंदुत्व है। उन्होंने हिंदुत्व को परिभाषित करते हुए कहा कि जो भारत को अपनी मातृभूमि और पितृभूमि मानता है और इसकी संस्कृति, परंपरा व मूल्यों का आदर करता है, उसकी पूजा पद्धति चाहे कोई भी हो पर उसकी आत्मा हिंदू है। हिंदुत्व हमें सिखाता है कि हम सब एक हैं और हमारी विविधताएं ही हमारी असली शक्ति व संस्कृति ही हमारी पहचान है। राज्य सरकार के कार्यों का विवरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार देवभूमि के मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए निरंतर समर्पित है। इसके लिए सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून और दंगारोधी कानून लागू किए गए हैं। साथ ही ऑपरेशन कालनेमी के माध्यम से सनातन धर्म को बदनाम करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे पहले समान नागरिक संहिता लागू कर सभी को समान अधिकार देना हो या मदरसा बोर्ड को खत्म कर सभी संप्रदायों के बच्चों के लिए राज्य में समान शिक्षा व्यवस्था की नींव डालनी हो, सरकार हर दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इसके अतिरिक्त राज्य में हिंदू स्टडी सेंटर बनाकर सनातन हिंदू संस्कृति के विभिन्न विषयों में शोध करने वाले युवाओं की सहायता के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक बृज भूषण गैरोला, पार्षद प्रशांत खरोला, ब्रहम्चारी केशर स्वरूप, ललित बुड़ाकोटी, सुभाष बड़थ्वाल, गोपाल सिंह एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।





# जी.डी. गोयनका स्कूल में सितारों की दुनिया से रूबरू हुए छात्र

रुद्रपुर। जी.डी. गोयनका स्कूल, रुद्रपुर-बिलासपुर में शनिवार की शाम खगोल विज्ञान के नाम रही। विद्यालय परिसर में 'एस्ट्रो पाठशाला' के तकनीकी सहयोग से एक भव्य "स्टार गेजिंग (तारामंडल अवलोकन) सत्र" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को ब्रह्मांड के रहस्यों को करीब से जानने और समझने का सुनहरा अवसर मिला। सायं 6:00 बजे से प्रारंभ हुए इस सत्र में आधुनिक दूरबीन (टेलीस्कोप) की सहायता से विद्यार्थियों ने रात के आकाश में चमकते चंद्रमा की सतह, विभिन्न ग्रहों और नक्षत्रों का बारीकी से अवलोकन किया। एस्ट्रो पाठशाला के विशेषज्ञों ने बच्चों को तारों की स्थिति, ग्रहों की गति और खगोल विज्ञान से संबंधित कई रोचक एवं वैज्ञानिक जानकारियां साझा कीं। इस दौरान छात्र अपनी जिज्ञासाओं को लेकर काफी उत्साहित नजर आए, जिनका विशेषज्ञों ने बड़ी सहजता से समाधान किया। इस अवसर पर विद्यालय की अकादमिक डायरेक्टर श्रीमती रुचि गोयल एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रुपाली पुरी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में तार्किक सोच और नवाचार की भावना पैदा करना भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे खगोलीय आयोजनों से छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी और उनका दृष्टिकोण अधिक वैज्ञानिक बनेगा।



SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# राज्य आंदोलनकारियों के सम्मेलन में छह सूत्रीय प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

## इंद्रमणि बडोनी की प्रतिमा स्थापना और सरकारी कार्यालयों में अलग काउंटर बनाने की उठी मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद की जिला ऊधम सिंह नगर इकाई द्वारा सोमवार को नगर निगम सभागार में एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में राज्य निर्माण आंदोलनकारियों के सम्मान, पहचान, अधिकार और स्वाभिमान से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और सर्वसम्मति से छह प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि 9 नवंबर 2026 यानी राज्य स्थापना दिवस से पूर्व इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो वे इसे अपने संघर्ष का अपमान मानेंगे। सम्मेलन में यह पीड़ा उभरकर सामने आई कि वर्तमान में आंदोलनकारियों का सम्मान केवल औपचारिकता बनकर रह गया है।





सरकारी कार्यक्रमों में उन्हें केवल माल्यार्पण और शॉल ओढ़ाकर इतिश्री कर ली जाती है, जबकि उन्हें मंच से अपने संघर्ष साझा करने का अवसर तक नहीं दिया जाता।सम्मेलन में राष्ट्रीय कार्यक्रमों में होने वाली उपेक्षा पर भी गहरा रोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कई महत्वपूर्ण आयोजनों में या तो उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाता और यदि बुलाया भी जाता है तो बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं होती। परिषद ने मांग की कि शासकीय कार्यालयों, अस्पतालों और सार्वजनिक उपक्रमों में आंदोलनकारियों के लिए अलग काउंटर या प्राथमिकता व्यवस्था शुरू की जाए ताकि उन्हें लंबी कतारों में न लगना पड़े। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव में रुद्रपुर जिला मुख्यालय में ष्उत्तराखंड के गांधीष स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की स्मृति में एक पार्क या चौक आवंटित कर उनकी प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई। आंदोलनकारियों का मानना है कि यह शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।परिषद ने उन वास्तविक आंदोलनकारियों को भी न्याय देने की मांग उठाई जो अब तक अपनी पहचान और चिह्नीकरण से वंचित हैं। जिलाधिकारियों के कार्यालयों में लंबित ऐसे प्रकरणों पर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की गई है। साथ ही प्रत्येक विकासखंड और तहसील स्तर पर स्थानीय आंदोलनकारियों के नाम और विवरण सहित सूचना पट्ट लगाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ ताकि नई पीढ़ी उनके योगदान को जान सके। सम्मेलन के अंत में निर्णय लिया गया कि इन प्रस्तावों की प्रति मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और सभी जिलाधिकारियों को भेजी जाएगी। इस अवसर पर जिला इकाई के पदाधिकारियों और भारी संख्या में मौजूद राज्य आंदोलनकारियों ने एक स्वर में कहा कि राज्य के लिए संघर्ष करने वालों का सम्मान शासन की नैतिक जिम्मेदारी है

# कांग्रेस सेवादल का संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर संपन्न

## बूथ स्तर पर मजबूती का लिया संकल्प, अनुशासन और समर्पण पर दिया जोर

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर की कंबोज धर्मशाला में रविवार को कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में एक दिवसीय "संगठन सृजन निर्माण सहयोगी प्रशिक्षण शिविर" का भव्य आयोजन किया गया। जिला ऊधम सिंह नगर और जिला काशीपुर कांग्रेस सेवादल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यशाला में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने और आगामी चुनावी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करने के लिए रणनीतिक मंथन किया गया।शिविर का शुभारंभ मुख्य वक्ता विष्णु शर्मा (प्रदेश प्रभारी कांग्रेस सेवा दल), शकी उल्ला खां (जिलाध्यक्ष काशीपुर) और मन्नू चौधरी (जिलाध्यक्ष उधम सिंह नगर) द्वारा किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय श्सेवाकाल सदस्यता, चुनाव प्रबंधन और कार्यकर्ता प्रशिक्षणश रहा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार और सक्रिय जनसंपर्क के विशेष गुर सिखाए। वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की।प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ताओं ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की सफलता उसके संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के अनुशासन पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे आगामी चुनावों को देखते हुए पूरे समर्पण के साथ क्षेत्र में सक्रिय हो जाएं। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पार्टी को सशक्त बनाने का भरोसा दिलाया। कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया गया कि चुनावी सफलता की कुंजी संगठन की सक्रियता और प्रत्येक मतदाता तक पहुंच बनाने में ही निहित है।शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संगठन हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी रखने की बात कही। इस दौरान काशीपुर नगर अध्यक्ष अल्का पाल, शाकिर अली, मोनिश कुमार, किशोर कुमार, ममता हालदार, सचिन बजाज, राम विलास और सोफिया सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# समाजसेविका मधु गोयल को सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर की प्रमुख समाजसेविका स्वर्गीय मधु गोयल पत्नी श्रवणकुमार गोयल की तेरहवीं के अवसर पर रविवार को भारी संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शोक सभा में उपस्थित जनसमूह ने उनके द्वारा किए गए निस्वार्थ सामाजिक कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सदर विधायक राजकुमार ठुकराल, नरेश अग्रवाल, भाजपा जिलामंत्री प्रमोद मित्तल, विजयभूषण गर्ग, हरिशंकर अग्रवाल, लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा, देवेंद्र शर्मा, सुरेन्द्र सिंह सेंगर, मानसिंह ग्रोवर, गुरुविंदरसिंह, राहुल छाबड़ा, विष्णु खंडेलवाल, नितिन सिंघल, बरीत सिंह, सर्वजीत सिंह, सर्वेश सिंह, मानस छाबड़ा, अंशुल जोशी, पवन वर्मा और नरेश अग्रवाल समेत शहर के तमाम गणमान्य लोग और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। शोक की इस घड़ी में स्वर्गीय मधु गोयल के पति श्रवणकुमार गोयल, पुत्र सचिन गोयल तथा अभिषेक गोयल ने परिवार की ओर से सभी आगंतुक लोगों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संकट के इस कठिन समय में इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सांत्वना देने और संबल प्रदान करने के लिए वे सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।



# सरस मेले में पवनदीप राजन की आवाज का चला जादू

## उत्तराखंडी गायक इंदर आर्या ने भी मचाई धूम, फिल्मी और कुमांऊनी गीतों पर झूम उठे दर्शक




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर कार्निवल के तहत गांधी पार्क में आयोजित सरस आजीविका मेले की नौवीं शाम सुरों के नाम रही। इस 'स्टार नाइट' में इंडियन आइडल विजेता और बॉलीवुड के उभरते सितारे पवनदीप राजन ने अपनी मखमली आवाज से ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। जैसे ही उन्होंने अपना प्रसिद्ध गीत 'जो तुम न हो तो रहेंगे हम नहीं' शुरू किया, वहां मौजूद हजारों प्रशंसकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। पवनदीप ने रोमांटिक बॉलीवुड नंबरों के साथ-साथ सांस्कृतिक गीतों की ऐसी झड़ी लगाई कि युवा उनके सुरों के सागर में गोते लगाते नजर आए। उन्होंने 'आई लव यू सय्योनी', 'फिर मिलेंगे', 'फुर्सत' और 'तेरे नैना' जैसे सुपरहिट गीतों से रात को यादगार बना दिया।इसी मंच पर उत्तराखंड के लोकप्रिय गायक इंदर आर्या ने अपनी बुलंद आवाज का जादू बिखेरा। उन्होंने एक के बाद एक बेहतरीन पहाड़ी और कुमाऊंनी गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। मेले में लोक संस्कृति और आधुनिक संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। संगीत की महफिल से पूर्व सरस मेला में खेल जगत की अद्भुत प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी हुआ। युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित भारतीय पारंपरिक खेल मलखंभ में रूद्रपुर, सितारगंज और खटीमा के 45 बच्चों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इनमें 13 बालिकाओं और 32 बालकों ने खंभे पर जिस तरह का संतुलन, लचीलापन और साहस दिखाया, उसे देखकर हर कोई दंग रह गया। इन बच्चों ने अपनी ऊर्जा और कड़े अनुशासन से खेल भावना का बेहतरीन उदाहरण पेश किया।इस भव्य सांस्कृतिक संध्या और खेल प्रदर्शन के दौरान जनपद के तमाम प्रशासनिक अधिकारी और जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, दायित्वधारी फरजाना बेगम, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम और दीपेंद्र कोश्यारी ने शिरकत की। वहीं प्रशासनिक अमले से जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह, पंकज उपाध्याय, पीडी हिमांशु जोशी, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, गौरव पांडे, डॉ. अमृता शर्मा, सीडीओ केएस रावत, डॉ. आलोक शुक्ला, पीके दीक्षित, एएस नेगी, बीएस डांगी, दिनेश कुटौला और गिरीश त्रिपाठी उपस्थित रहे। मलखंभ प्रदर्शन के दौरान बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, डीएमओ नंदिनी तोमर, लक्ष्मी चौहान, हरीश पिलखवाल, अमित पांडे, सूरज कुमार, डॉ. दीपक सरकार, डॉ. वीरेंद्र सिंह रौतेला और डॉ. राकेश चिलाना भी रहे।






## 'पोषण-पहाड़' के माध्यम से पारंपरिक पहाड़ी खानपान पर जोर



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गांधी पार्क में आयोजित सरस मेला 2026 के अंतर्गत जनपद उधम सिंह नगर के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 'पोषण-पहाड़' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सतत एवं पारंपरिक पहाड़ी खाद्य पदार्थों को पोषण जागरूकता के साथ बढ़ावा देना था। प्रात:11 बजे से सायं 4 बजे तक चले इस आयोजन में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम को सफल बनाने में न्यूट्रिशन सोसायटी ऑफ इण्डिया (एनएसआई) पंतनगर चौप्टर तथा गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग के छात्र- छात्राओं ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे आयोजन का कुशल मार्गदर्शन डा. रीता सिंह रघुवंशी, डा. अर्चना कुशवाहा एवं डा. नीतू डोभाल द्वारा किया गया।सामुदायिक विज्ञान महा विद्यालय की अधिष्ठाता डा. अल्का गोयल ने स्टॉल का सूक्ष्म निरीक्षण किया और विद्यार्थियों द्वारा किए गए नवाचारी प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र मिलेट आधारित उत्पाद रहे, जिसमें झंगोरा कचरी एवं मिलेट मफिन्स का न केवल प्रदर्शन किया गया बल्कि उनकी भारी बिक्री भी हुई। इसके साथ ही "पौष्टिक होली" थीम के माध्यम से आगामी त्योहारों पर स्वस्थ भोजन अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया। मेले में स्थापित न्यूट्रिशनल स्टेटस असेसमेंट स्टॉल पर आने वाले प्रतिभागियों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स), कमर-नितंब अनुपात तथा बच्चों का एमयूएसी (मध्य ऊपरी बांह घेरा) मापन शामिल रहा।जांच के उपरांत डाइट काउंसलिंग के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार लेने और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम के संबंध में महत्वपूर्ण परामर्श दिए गए। कार्यक्रम के दौरान खाद्य एवं पोषण की विभागाध्यक्ष डा. अर्चना कुशवाहा ने मिलेट्स की पोषण गुणवत्ता, स्वास्थ्य लाभ एवं सतत आहार में उनकी अहम भूमिका पर विस्तार से जानकारी साझा की। 'पोषण-पहाड़' अभियान के माध्यम से यह प्रभावी संदेश देने का प्रयास किया गया कि पारंपरिक पहाड़ी खाद्य पदार्थों को अपनाकर एक स्वस्थ एवं सतत जीवनशैली को जिया जा सकता है।

## नहर में गिरी कार,चालक गंभीर

रामनगर। रविवार देर रात कोसी बैराज क्षेत्र में एक कार अनियंत्रित होकर कोसी नदी में गिर गई, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसे में कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । जानकारी के अनुसार, बालाजी मंदिर की ओर से एक स्विफ्ट कार कोसी बैराज की तरफ जा रही थी, तभी अचानक कार चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित कार सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग को तोड़ते हुए नदी के बीच जा गिरी और गिरने के दौरान कार ने कई पलटी भी खाई।हादसे को देख आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों और पुलिस ने संयुक्त रूप से कड़ी मशक्कत के बाद नदी में फंसी कार से चालक को बाहर निकाला और तुरंत उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सुमित पांडे और कोतवाल सुशील कुमार पुलिस बल व दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए।सीओ सुमित पांडे ने बताया कि रामनगर के जसपुरिया लाइन निवासी 38 वर्षीय ईशांत अग्रवाल अपनी कार से बैराज की ओर जा रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि ईशांत अग्रवाल की हालत नाजुक होने के कारण निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।



## विधायक ने किया लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या-17, हीरानगर क्षेत्र स्थित संजय कॉलोनी और सतीश कॉलोनी में क्षेत्रीय विधायक सुमित हृदयेश ने अपनी विधायक निधि से स्वीकृत 33.95 लाख रुपये की लागत से होने वाले जनहितकारी विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद शैलेन्द्र दानू सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सुमित हृदयेश ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं और प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़क, नाली, जल निकासी और अन्य जरूरी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।अपने संबोधन में विधायक सुमित हृदयेश ने अपनी माता के आदर्शों, सेवा भावना और उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वे अपनी माता की सीख और उनके द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाना अपना परम कर्तव्य समझते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हल्द्वानी के सर्वांगीण, संतुलित और सतत विकास के लिए वे सदैव समर्पित थे और भविष्य में भी पूरे समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं और आगे भी जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।लोकार्पण के अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए विधायक का आभार प्रकट किया। इस दौरान पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, विमला सांगुरी, पार्षद शैलेंद्र सिंह दानू, ललित परगाई, चंदन सिंह राणा, दीपक आर्य, कृष्णा नंद जोशी, अंकित जोशी, मंजू दानू, हिमांशु जोशी, आस्था लटवाल, मुकेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, महेश अग्रवाल,करुणा अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल और क्षितिज अग्रवाल मौजूद रहे।

## गोली लगने से घायल युवा व्यापारी ध्रुव चावला ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

### विधायक शिव ने घटना की निष्पक्ष जांच के लिए पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

रुद्रपुर । संदिग्ध हालातों में गोली लगने से घायल सिविल लाइन निवासी युवा व्यापारी ध्रुव चावला का दिल्ली के मैक्स अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। विगत दिनों हुए गोली कांड में गंभीर रूप से घायल ध्रुव का शव सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा, जहां विधायक शिव अरोरा भी स्वयं मौके पर पहुंचे। विधायक ने युवा व्यापारी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिजनों को ढांडस बंधाया। उन्होंने इस दुखद घटना को क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति बताया। परिजनों की मांग पर विधायक शिव अरोरा ने इस पूरे मामले की हर पहलू से गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्राधिकारी नगर प्रशांत कुमार से दूरभाष पर वार्ता की। विधायक ने पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि इस गोलीकांड की निष्पक्ष जांच की जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इतनी कम उम्र में युवक की मौत के पीछे सामान्य आत्महत्या का मामला है या इसके पीछे कोई अन्य कारण या षड्यंत्र छिपा है। उन्होंने कहा कि ध्रुव परिवार के गुजर- बसर का मुख्य आधार था और उसका इस तरह चले जाना बेहद चिंताजनक है। विधायक शिव अरोरा ने क्षेत्र के नौजवानों से भावुक अपील करते हुए कहा कि वे कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी इस प्रकार के घातक कदम न उठाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर समस्या का समाधान वार्तालाप और समाज के बीच बैठकर निकाला जा सकता है। मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को विधायक ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। इस दौरान व्यापारी नेता विजय फुटेला, सुशील गाबा, जगदीश तनेजा, चेतन मांगट, मयंक कक्कड़, वासु, कन्नू गुम्बर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# महंगाई की चुनौतियां

देश के आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर पिछले माह जनवरी में गिरकर चार फीसद पर आ गई, जो समूची अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है। इन क्षेत्रों का देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और सकल घरेलू उत्पाद में महत्त्वपूर्ण योगदान है, इसलिए इनकी उत्पादन गति धीमी होने से देश की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होती है। इन क्षेत्रों से जुड़े उद्योगों को देश की अर्थव्यवस्था का स्तंभ माना जाता है, जो बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन और समग्र औद्योगिक वृद्धि को गति देते हैं।पिछले दिनों सरकार की ओर से जारी आंकड़ों ने यह स्पष्ट कर दिया था इस वर्ष की शुरुआत थोक और खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी के साथ हुई है। अब बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर में गिरावट यह दर्शाती है कि देश की अर्थव्यवस्था को कई मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि वस्तुओं के उत्पादन में कमी से मांग और आपूर्ति के बीच पैदा होने वाले अंतर की वजह से महंगाई के और बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।गौरतलब है कि देश के आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्र– कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में लगभग चालीस फीसद की हिस्सेदारी रखते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर में गिरावट का समग्र अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ सकता है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी 2025 में बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर 5.1 फीसद और दिसंबर में 4.7 फीसद थी। मगर, इस साल जनवरी में कच्चा तेल एवं प्राकृतिक गैस तथा कोयला एवं सीमेंट क्षेत्र के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, उर्वरक, इस्पात और बिजली उत्पादन में थोड़ी वृद्धि ने स्थिति को और कमजोर होने से रोका है। यह विचित्र बात है कि एक ओर निर्यात के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के दावे किए जाते हैं, तो दूसरी तरफ बुनियादी क्षेत्रों में उत्पादन की गति धीमी पड़ती जा रही है। सरकार को चाहिए कि इन क्षेत्रों में चुनौतियों से निपटने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# सत्यापन अभियान में 490 लोगों की हुई जांच

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु वृहद सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी ने समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में रविवार को अभियान के अंतर्गत गठित पुलिस टीमों द्वारा घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान होटलों, धर्मशालाओं, गेस्ट हाउसों के साथ-साथ किरायेदारों, डिलीवरी कर्मियों, श्रमिकों एवं अन्य बाहरी व्यक्तियों के विवरण की गहनता से जांच की गई।नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने उत्तराखंड पुलिस अधिनियम की धारा 81 एवं 83 के अंतर्गत चालानी और कोर्ट चालानी कार्रवाई की। जिले भर में कुल 490 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया, जिनमें से 83 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई गई। थानावार कार्यवाही के विवरण के अनुसार कोतवाली खटीमा में सर्वाधिक 120 सत्यापन कर 09 चालान किए गए। वहीं जसपुर में 40 सत्यापन पर 19 चालान, कुण्डा में 07 सत्यापन पर 11 कोर्ट चालान, काशीपुर में 68 सत्यापन पर 05 कोर्ट चालान और बाजपुर में 78 सत्यापन कर 03 चालान किए गए। इसी प्रकार आईटीआई में 12 सत्यापन पर 07 चालान, केलाखेड़ा में 12 पर 01, गदरपुर में 16 पर 02 और दिनेशपुर में 25 सत्यापन पर 09 चालान किए गए।पंतनगर पुलिस ने 17 सत्यापन कर 04 चालान, ट्रांजिट कैम्प में 12 सत्यापन पर 08 चालान और रुद्रपुर कोतवाली में 15 सत्यापन पर 01 चालान किया गया। किच्छा में 20 और झनकईया में 12 व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन हुआ। पुलभट्टा में 08 सत्यापन पर 01 कोर्ट चालान, सितारगंज में 23 सत्यापन पर 01 चालान और नानकमत्ता में 05 सत्यापन पर 01 चालान किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे सुरक्षा की दृष्टि से बिना पुलिस सत्यापन के किसी भी अज्ञात व्यक्ति को किराये पर न रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधों की रोकथाम के लिए यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।





# एएनटीएफ पर पथराव के तीन और आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की टीम पर जानलेवा हमला करने और पथराव करने के मामले में पुलिस ने तीन और शातिर हमलावरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई उस वक्त हुई जब पुलिस फरार आरोपियों के विरुद्ध कुर्की की तैयारी कर रही थी और न्यायालय के आदेश पर उनके घरों पर नोटिस चस्पा किए जा चुके थे।मामला सुभाष कॉलोनी का है, जहां कुछ समय पूर्व एएनटीएफ की टीम नशा तस्कर कल्लू के घर स्मैक की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची थी। इस दौरान तस्करों और उनके समर्थकों ने पुलिस टीम को घेरकर उन पर भारी पथराव कर दिया था, जिसमें हेड कांस्टेबल भुवन पांडे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने मौके से हसीना पत्नी इलियास को 64 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था, जबकि नाजिम, शाहरूख, इरशाद और सूरज समेत कई अन्य आरोपी फरार हो गए थे। लगातार दबिश के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने न्यायालय से धारा 82 के तहत उद्घोषणा जारी करवाई थी।सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना और सटीक इनपुट के आधार पर पुलिस ने सुभाष कॉलोनी निवासी तीन आरोपियों–इरशाद उर्फ सद्दा उर्फ दाऊद, सूरज कुमार प्रजापति और शाहरूख को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि गिरोह के अन्य फरार सदस्यों और तस्करी के नेटवर्क का पता लगाया जा सके। विवेचना अधिकारी एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि नशा तस्करों और पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी।



# सीएए के नए कानून के तहत उत्तराखंड में 153 लोगों को भारत की नागरिकता

## अफगानिस्तान, पाकिस्तान से प्रताड़ित होकर आए हिंदुओं को भारत में मोदी धामी सरकार ने दिया सम्मान

देहरादून(उद संवाददाता)। मोदी सरकार के सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट 2019 के तहत उत्तराखंड में रहने वाले 153 हिंदू शरणार्थियों को भारत की नागरिकता मिलने जा रही है। भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के गृह विभाग ने ऐसे हिंदू लोगो की गहनता से जांच पड़ताल करने के बाद उन्हें हिंदुस्तान की नागरिकता देने का निर्णय लिया है। मोदी सरकार ने संसद में ब।। यानि नागरिक संशोधन अधिनियम 1955 में सुधार करते हुए 2019 में बिल पास किया था जिसे राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी, उस समय संसद में विपक्ष के भारी शोरगुल के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने उक्त एक्ट में संशोधन की जरूरत को सामने रखा था। इस संशोधन में 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में शरण लेने आए हिंदुओं को भारत की नागरिकता देने का फैसला मोदी सरकार ने लिया था। उस दौरान विपक्ष और वामपंथी संगठनों ने इसका भारी विरोध किया था और सड़कों पर आंदोलन भी किए थे। हिंदुस्तान में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश अथवा किसी भी अन्य देश से आने वाले हिंदू,सिख, जैन, बौद्ध , पारसी, ईसाई लोगों को भारत की नागरिकता दिए जाने की सूची में रखा गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने उस वक्त सदन में ये कहा था कि इन छ समुदाय के लोग,अफगानिस्तान बांग्लादेश और पाकिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न से परेशान होकर भारत आए है उन्हें यहां नागरिकता मिलेगी क्योंकि ये पड़ोसी देश कभी भारत का ही हिस्सा रहे थे। इस नागरिक कानून के बन जाने के बाद भारत में अभी तक करीब 4 सौ लोगों को नागरिकता दी गई है। उत्तराखंड में गृह विभाग की गहन जांच के बाद पाकिस्तान से आए 147 और अफगानिस्तान से आए 06 लोगों को यानि कुल 153 लोगों के भारत की नागरिकता का आवेदन भारत सरकार ने स्वीकार किया है।जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान से प्रताड़ित होकर आए 189 लोगों ने आवेदन किया था। अभी 51 लोगों का आवेदन पर विचार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इनमें ज्यादातर हिन्दू लोग पाकिस्तान के सिंध, बलूचिस्तान से है। इन लोगों के रिश्तेदार देहरादून ऋषिकेश हरिद्वार और उधम सिंह नगर क्षेत्र में रहते है इस वजह से इन्हें यहां आश्रय मिला था। ऐसी भी जानकारी मिली है कि अखंड भारत के शक्तिपीठों में से एक माता हिंगलाज मंदिर के पुजारी परिवार ने भी भारत में शरण ली हुई थी उन्हें भी भारत सरकार ने नागरिकता दी है। **सीमा जागरण मंच ने की मदद** : जानकारी के मुताबिक सीमा जागरण मंच द्वारा ऐसे नागरिकों की खोज करके उनसे संवाद स्थापित कर उनके आवेदन पत्र भरवाए गए और उन्हें गृह विभाग में दर्ज करवाया गया, जिसकी बाद में गृह विभाग की जांच एजेंसियों ने जांच पड़ताल की । **क्या कहते है सीएम धामी** : मोदी सरकार ने ब।। में संशोधन करके भारत में शरण लेने वाले हिंदू परिवारों की परेशानियों को दूर किया है, इसके लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के हम आभारी है जिन्होंने ऐसे नागरिकों की चिंता की जोकि सालों से भारत में नागरिकता के लिए भटक रहे थे। उन्होंने कहा कि शुरू में विपक्ष ने इस संशोधन पर भ्रम फैलाने की कोशिश की उनके मंसूबे कामयाब नहीं हुए। **अमित शाह की सभा में होगा सम्मान** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 7 मार्च को उत्तराखंड दौरे पर रहने वाले है, हरिद्वार में उनके कार्यक्रम में भारत की नागरिकता प्राप्त करने वालों का सम्मान किया जाएगा। इसके पात्र नागरिकों के साथ जनसंपर्क किया जा रहा है।




# 72वां तुलसी महायज्ञ धूमधाम से सम्पन्न, संतों ने दिया मानवता की सेवा का संदेश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री तुलसीधाम मल्सा गिरधरपुर में आयोजित 72वाँ श्री तुलसी महायज्ञ रविवार को अत्यंत हर्षोल्लास और धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न हुआ। 14 फरवरी से अखंड रामायण पाठ के साथ शुरू हुए इस महोत्सव के अंतिम दिन पूरा क्षेत्र जय श्री राम और तुलसी दास के जयकारों से गुंजायमान रहा। रविवार प्रात: 7 बजे श्री रामचरितमानस के पाठ का विधिवत भोग डाला गया, जिसके पश्चात 8 बजे मुख्य हवन-यज्ञ प्रारंभ हुआ। इसमें बड़ी संख्या में यजमानों और श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर विश्व शांति और खुशहाली की कामना की। सुबह 10 बजे से विशाल संत सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें वृंदावन, बुलंदशहर, कुरुक्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों से आए विरक्त संतों ने शिरकत की। सम्मेलन की शुरुआत तुलसीधाम महिला संकीर्तन मंडल द्वारा प्रस्तुत भक्ति भजनों से हुई। संतों ने अपने प्रवचनों में गुरु की महिमा और रामचरितमानस के आदर्शों को जीवन में उतारने पर बल दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जयपुर से पधारीं सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुरभि चतुर्वेदी रहीं। उन्होंने अपनी मधुर आवाज में जैसे ही भजनों की प्रस्तुति शुरू की, श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमने लगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी राजकुमार गाबा अपनी धर्मपत्नी के साथ सम्मिलित हुए, जिन्हें समिति द्वारा सम्मानित किया गया। गुरु महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से संगत को जीवन जीने की कला सिखाई और सेवा भाव का संदेश दिया। प्रात: 11 बजे ब्रह्म भोज के उपरांत विशाल लंगर प्रारंभ हुआ, जो देर शाम 8 बजे तक निरंतर चलता रहा। हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर महापौर विकास शर्मा, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़,गुजन सुखीजा, सर्वेश कुमार सिंह,राजेश प्रताप सिंह, हरिचन्द छाबड़ा, सुशील गाबा , विपिन जल्होत्रा, प्रमोद मित्तल, मनोज छाबड़ा, संजीव कामरा,राज कुमार हुड़िया, विजय शर्मा, राजेश खुराना, बंटी गम्भीर, पारस, गिल्होला, तिलक बांगा, सुरेन्द्र खुराना, संजीव बेहड़, बिट्टू खुराना, बल्देव बत्रा, विजय बांगा, राजेश अनेजा, दीपक बांगा, कृष्ण लाल छाबड़ा, प्रदीप कालरा,. सुरेन्द्र नरूला, चिमन लाल खुराना, महेन्द्र छाबड़ा, डा.हरभगवान रहेजा, डा.रामेश्वर दयाल, मनोज चावला व पूरा श्री तुलसीधाम परिवार मौजूद था।





# सितारगंज में निरंकारी मिशन ने चलाया विशेष सफाई अभियान

सितारगंज। प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल,स्वच्छ मन परियोजना के अन्तर्गत विशेष सफाई अभियान का योजन 22 फरवरी 2026 दिन रविवार को प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एंव निरंकारी राजपिता रमित जी की कृपा से बिज्टी रोड करघटिया-पिण्डारी स्थित नहर/नाला एंव आस पास के क्षेत्र में निरंकारी मिशन ब्रान्च सितारगंज के सेवादल/साधसंगत द्वारा किया गया संत निरंकारी मण्डल ब्रांच सितारगंज के सेवादल शिक्षक श्री सर्वेश कुमार रस्तोगी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए यह परियोजना समूचे भारतवर्ष अनेकों स्थानों के शहरों,राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में एक साथ 22 फरवरी को आयोजित की गयी इस अभियान का मुख्य उददेश्य जल निकायों को संरक्षित करनें के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके। उन्होंनें बताया कि संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में



संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का आरंभ वर्ष 2023 में किया था इस परियोजना का मुख्य उददेश्य जन निकायों का संरक्षण उनकी स्वच्छता एंव स्थानीय जनता के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है उन्होनें बताया परियोजना के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों के समुद्री तटों,नदियों, झीलों, तालाबों ,झरनों इत्यादि जैसे जल निकायों की स्वच्छा पर ध्यान केन्दित किया जाना सुनिश्चित है उनकी सफाई भी की जा रही है ,पर्यावरण संरक्षण हेतु चलायी गई इस परियोजना की समाज के हर वर्ग द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

# विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे चार वारंटी दबोचे


सितारगंज (उद संवाददाता)। एसएसपी ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के सख्त निर्देशन में जनपद में वांछित, ईनामी और वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सितारगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। न्यायालय से जारी गैर जमानतीय वारंटों की शत-प्रतिशत तामीली सुनिश्चित करने के लिए एसएसपी द्वारा दिए गए कड़े निर्देशों के क्रम में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक नगर रुद्रपुर एवं क्षेत्राधिकारी सितारगंज के कुशल पर्यवेक्षण में कोतवाली सितारगंज पुलिस द्वारा अमल में लाई गई।पुलिस टीम ने अभियान के दौरान शक्तिफार्म क्षेत्र से अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों को धर दबोचा। गिरफ्तार वारंटियों में दिपांकर पुत्र अनन्त दास निवासी टैगोरनगर, शक्तिफार्म नंबर 04 शामिल है, जो धारा 138 एनआई एक्ट के तहत फौजदारी वाद संख्या 09/2019 में वांछित था। वहीं सुरेश मण्डल पुत्र निमाई मण्डल निवासी बैकुण्ठपुर, शक्तिफार्म नंबर 01 को वाद संख्या 84/2024 (धारा 138 एनआई एक्ट) में गिरफ्तार किया गया। इनके



अतिरिक्त कमलेश विश्वास पुत्र जादव विश्वास निवासी बैकुण्ठपुर, शक्तिफार्म नंबर 01 को फौजदारी वाद संख्या 187/2021 और सुखविन्दर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी बरुवाबाग झाड़ी पालनगर को फौजदारी वाद संख्या 301/2022 में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी शक्तिफार्म उपनिरीक्षक प्रकाश भट्ट, अपर उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा, कांस्टेबल भवान सिंह और कांस्टेबल दीपक नेगी शामिल रहे।

# समाजसेवी गोवर्धनदास अग्रवाल का सौ वर्ष की आयु में हुआ निधन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। तराई क्षेत्र में अग्रवाल समाज के स्तंभ और प्रमुख समाजसेवी गोवर्धनदास अग्रवाल का सौ वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई है। गोवर्धनदास अग्रवाल ने अपने जीवन का लंबा समय समाजसेवा और परोपकार को समर्पित किया। रुद्रपुर के अग्रसेन अस्पताल और अग्रवाल धर्मशाला जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं के निर्माण व संचालन में उनका योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। वे अपने पीछे एक समृद्ध सामाजिक विरासत छोड़ गए हैं। उनके तीनों पुत्र देवीशंकर अग्रवाल (टिल्लू), उमाशंकर अग्रवाल और शिवशंकर अग्रवाल भी अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके निधन को समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताते हुए शहर के तमाम गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, सुभाष खंडेलवाल, पवन अग्रवाल, महेश अग्रवाल, यशपाल घई और वीरेंद्र सुखीजा शामिल रहे। इसके अलावा उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ, अग्रवाल सभा और पंजाबी महासंघ के पदाधिकारियों ने भी उनके निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। वक्ताओं ने कहा कि गोवर्धनदास जी ने न केवल अग्रवाल समाज बल्कि हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किया और उनका सरल व सेवाभावी व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।



# रेड रोज कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिकोत्सव में बिखरे प्रतिभा के रंग

गदरपुर (उद संवाददाता)। आरआरसीएस फाउंडेशन द्वारा संचालित रेड रोज कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिकोत्सव 'उड़ान द ग्रांड टेक ऑफ उड़ान 2026' का भव्य और गरिमामय आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, विशिष्ट अतिथि डॉ. अनु पाठक और तहसीलदार लीना चंद्रा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। आकर्षक रोशनी और सजावट के बीच विद्यार्थियों के उत्साह ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। जूनियर वर्ग के बच्चों ने जेली डांस, रिंगिंग एक्ट, क्लास ऑफ कलर्स, सेल्फी-नीरा, एरोबिक मास्टर और पालकी डांस के जरिए अपनी मासूमियत और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, समूह नृत्य और नाटकों के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'उड़ान' थीम पर आधारित विशेष प्रस्तुति रही, जिसमें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें पाने के लिए आत्मविश्वास के महत्व को खूबसूरती से दर्शाया गया।मुख्य अतिथि ज्योति ग्रोवर ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अनुशासन और कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय के डायरेक्टर नैब सिंह धलीवाल और प्रधानाचार्य संदीप कौर ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और उन्हें अपने सपनों को नई उड़ान देने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय कृष्ण अरोड़ा की भी अहम भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण, भारी संख्या में अभिभावक और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।





## पेज एक का शेष...

**सरकारी दफ्तरों में ...**सुरक्षा पर चिंता जताई। मुख्यमंत्री धामी ने इन शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए स्पष्ट किया कि सरकार कार्मिकों के मान-सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेगी और उनकी सुरक्षा के प्रति पूरी तरह गंभीर है। मुख्यमंत्री ने तत्काल मुख्य सचिव को फोन कर कार्यस्थलों पर सुरक्षा प्रोटोकॉल (एसओपी) बनाने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को आदेशित किया कि प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और ऐसी घटनाओं में शामिल तत्वों के खिलाफ त्वरित और सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने एसएसपी देहरादून को शिक्षा निदेशालय प्रकरण के दोषियों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर राज्य औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह पंवार, मोर्चा के अध्यक्ष राम सिंह चौहान, महामंत्री मुकेश बहुगुणा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**छाती ठोक के जो बोल...**-विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लोगों ने खेड़ा की टिप्पणी की आलोचना करते हुए लिखा कि पब्लिक ने इन्हें खुद रिजेक्ट कर दिया है और अब ये राजकुमार ठुकराल को रिजेक्ट माल बता रहे हैं। रुद्रपुर में मरी हुई कांग्रेस को जिंदा करने की क्षमता यदि किसी में है तो वह ठुकराल में है।-एक अन्य प्रतिक्रिया में कहा गया, इनको क्यों पूछ रहे हो भाई, कांग्रेस में इनकी क्या चलने वाली है? बेहड़ साहब भी तो पहले भाजपा में थे और आज कांग्रेस में हैं।-कई लोगों ने सीधे राजनीतिक मुकाबले की चुनौती देते हुए लिखा, एक तरफ राजकुमार ठुकराल और एक तरफ आप खड़े हो जाइए, विधायक के लिए सबसे ज्यादा वोट ठुकराल जी को ही पड़ेंगे।-कुछ प्रतिक्रियाओं में यह भी कहा गया कि रुद्रपुर में कांग्रेस की मजबूती के लिए ठुकराल जैसे जनाधार वाले नेता की जरूरत है। वहीं एक टिप्पणी में खेड़ा पर तंज कसते हुए लिखा गया, खुद मेयर का चुनाव जीत नहीं पाए और ठुकराल से तकरार कर रहे हैं।-समर्थकों की भावनात्मक प्रतिक्रियाएं भी सामने आईं। एक यूजर ने लिखा, "छाती ठोक के जो बोले वो ठुकराल है, बाकी सब बकवास है।" जबकि एक अन्य ने खेड़ा की टिप्पणी पर तीखी आपत्ति जताते हुए इसे राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ बताया।सोशल मीडिया में यूजर ठुकराल की लोकप्रियता पर जोर देखकर कमेंट कर रहे हैं। समर्थकों का कहना है कि दो बार विधायक रह चुके राजकुमार ठुकराल आज भी जनता के सुख-दुख में खड़े रहते हैं और जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्षशील नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। 2022 में टिकट कटने के बाद आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़कर 30 हजार से अधिक वोट हासिल करना उनकी मजबूत जनस्वीकृति का प्रमाण बताया जा रहा है। सोशल मीडिया की बहस अब कांग्रेस की स्थानीय राजनीति पर भी सवाल खड़े कर रही है। कई प्रतिक्रियाओं में पार्टी नेतृत्व को भाषा संयम और रणनीतिक सोच अपनाने की सलाह दी गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे बयान चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकते हैं।

**टक और पैराफिट...**की मदद से भारी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब तक उसे बाहर निकाला गया, उसकी मौत हो चुकी थी।मृतक की पहचान 42 वर्षीय भूपेंद्र सिंह पुत्र चंद्र मान, निवासी भिवानी (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। इस कठिन रेस्क्यू अभियान में मुख्य आरक्षी नवीन कुँवर, हरीश चंद्र सिंह, आशीष रावत, कांस्टेबल रविंद्र चंद्र, जगमोहन, प्रदीप, दीपचंद और जगदीश शामिल रहे। पुलिस अब दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है

**काल बनकर गिरा...**यह मार्ग बड़ी चुनौती बन सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि यात्रा शुरू होने से पहले संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा जाल (सेफ्टी नेट) और पहाड़ी स्थिरीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

**ज्वैलर्स की दुकान से ...**दुकान पर संजय नाम का युवक काम करता है, जो मूल रूप से सितारगंज का निवासी है। गत शनिवार, 14 फरवरी को दोपहर करीब 1:40 से 1:55 बजे के बीच आरोपी संजय ने दुकान से करीब 200 ग्राम वजन की एक चांदी की ब्रेसलेट और चेन चोरी कर ली। चोरी करने के बाद उसने अपनी भाभी के मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती होने का बहाना बनाया और दुकान से चला गया। दुकान स्वामी के अनुसार, संजय का चांदी के फ्लोर पर जाना प्रतिबंधित था, जिससे उन्हें उस पर शक हुआ। दुकान में भीड़ होने के कारण उस समय सामान की जांच नहीं हो सकी, लेकिन बाद में जब सामान अस्त-व्यस्त मिला तो सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। फुटेज में आरोपी कैमरे के 'ब्लाइंड स्पॉट' का फायदा उठाकर जेवरों को अपनी पैंट की बेल्ट के पास छिपाते हुए साफ नजर आया, ताकि वह मेटल डिटेक्टर की पकड़ में न आ सके। पीड़ित ज्वैलर ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने पहले भी इसी तरह चोरी की घटना को अंजाम दिया था, लेकिन उस समय पुख्ता सबूत न होने के कारण मामला सामने नहीं आ सका था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई संतोष कुमार द्वारा की जा रही है।

**बेहड़ की टिप्पणी..**मजबूती से खड़ा है। इस दौरान किशन कोली, सुनील कोली, विपिन कोली, धर्मेन्द्र कोली, सुदामा कोली, विनोद कोली, विजेन्द्र सागर, लालू कोली, राजेश कोली, सोनू कोली, शंकर कोली, राधेश्याम, नंदू राम कोली, प्रेम कोली, रोहित कोली, राहुल कोली, सोमपाल कोली और हरिओम कोली आदि लोग उपस्थित रहे।

**कार और टेंपो ...**चोटें आई हैं।काशीपुर कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस बल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने आम जन से अपील की है कि रात्रि के समय वाहनों की गति नियंत्रित रखें और सड़क पर बने ब्रेकर व मोड़ों पर विशेष सावधानी बरतें। पुलिस अब जांच कर रही है कि हादसा तकनीकी खराबी के कारण हुआ या मानवीय लापरवाही से।

**संदिग्ध परिस्थितियों में ...** घर से निकला था। चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिगवाल ने बताया कि मौत के स्पष्ट कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है कि युवक की मौत स्वाभाविक है या इसके पीछे कोई अन्य कारण रहे हैं।

# भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता: इन्दर

नैनीताल (उद संवाददाता)। भवाली में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक में नैनीताल प्रभारी इन्दर पाल आर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी ने नैनीताल प्रभारी इन्दर पाल आर्य एवं सह जिला अध्यक्ष उमेश टम्टा का फूल मालाओं और शाल पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए इन्दर पाल आर्य ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता का पाठ पढ़ाया और कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कसनी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने की नितांत आवश्यकता है।इन्दर पाल आर्य ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना गरीब मजदूरों के लिए वरदान थी, जिससे लाखों परिवारों को रोजगार की गारंटी मिल रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार ने इस योजना के मूल स्वरूप के साथ छेड़छाड़ कर रोजगार की गारंटी को पूरी तरह खत्म कर दिया है। पीसीसी सदस्य एवं जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष खष्टी बिष्ट और वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजीव भगत ने भी भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाए। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि सत्ता पक्ष वर्तमान में विपक्ष को दुश्मन समझ रहा है, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। इस अवसर पर सुजान रजवार, पुष्पेश पांडे, हरेंद्र आर्य, लोकेश जोशी, उषा कननौजिया, सुमन आर्या, उमेश टम्टा, तुलसी बिष्ट, रचना, निशा बिष्ट, अनीता, राहुल पांडे, उमेश टम्टा, विकास आदि उपस्थित रहे।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सड़क दुर्घटनाएं रोकने में 'नाकाम' सूबे का परिवहन विभाग

## पचास दिनों के भीतर सड़क दुर्घटनाओं में 36 लोगों की मौत और 138 लोग घायल, असरहीन रहे दो- दो सड़क सुरक्षा माह ,राज्य के 24 ब्लैक स्पॉट पर सुधारीकरण का काम अभी भी बाकी

-अर्श-

देहरादून। तमाम कवायदों के बावजूद राज्य का परिवहन महकमा सड़क दुर्घटनाएं रोकने में सफल नहीं हो पा रहा है ।नतीजतन उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाएं साल दर साल बढ़ती जा रही हैं। उत्तराखंड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के आंकड़ों के अनुसार , प्रदेश में 1 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक सड़क दुर्घटनाओं में 36 लोगों की मौत हुई है, जबकि 138 लोग घायल और तीन लोग अभी भी लापता हैं। आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक मौतें देहरादून और पिथौरागढ़ जिले में हुई है। बड़ी विडंबना तो यह है कि इस अवधि के बीच उत्तराखंड में दो- दो सड़क सुरक्षा माह आयोजित किए गए। जाहिर है कि उपरोक्त सड़क सुरक्षा माह में परिवहन विभाग या तो अपनी कार्य योजना को प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर सका या फिर जन जागरूकता में अभियान में कहीं कोई कसर रह गई । ज्ञात हो कि भारत सरकार की ओर से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक तथा 16 जनवरी से 14 फरवरी तक राज्य सरकार की ओर से उत्तराखंड में सड़क सुरक्षा माह संचालित किया गया था,लेकिन इसके अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए और इस दौरान राज्य में सड़क दुर्घटनाओं के दौरान होने वाली मौत का आंकड़ा तीन दर्जन को छू गया। हालांकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से एनफोर्समेंट की कार्रवाई के साथ ही जन जागरूकता अभियान और ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उसके सुधारीकरण जैसी तमाम कवायद की जा रही हैं ।बावजूद इसके उत्तराखंड के मैदानी जिलों से लेकर



पर्वतीय जिलों में सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। वैसे तो राज्य का परिवहन विभाग प्रदेश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों कुछ मुख्य कारण जैसे ओवर स्पीडिंग और सड़क सुरक्षा के लिए सड़कों के बीच में बनाए गए डिवाइडर्स को अवैध रूप से हटाया जाना आदि, गिना कर अपने दोष को कुछ कम करने की कोशिश करता है ,लेकिन कारण बताने भर से जवाब देही से बचा नहीं जा सकता। परिवहन विभाग को जल्द ही अपने प्रयासों को धरातल पर मूर्त रूप में दिखाना ही होगा । यह संतोषजनक है कि परिवहन विभाग प्रदेश में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले मौतों के आंकड़े को देखते हुए परिवहन विभाग जन जागरूकता अभियान पर जोर दे रहा है तथा प्रदेश भर में 37 जगहों पर लगे एएनपीआर (ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकगनाइजेशन) कैमरे के जरिए ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले और ओवर स्पीडिंग करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की जा रही है, साथ ही प्रदेश में अभी तक चिन्हित179 ब्लैक स्पॉट में से 155 ब्लैक स्पॉट पर सुधारीकरण का काम किया जा चुका है। जिसके चलते पिछले 3 सालों के भीतर 46 ब्लैक स्पॉट पर कोई भी दुर्घटना नहीं हुई है। 23 ब्लैक स्पॉट ऐसे हैं जहां पर एक दुर्घटना रिकॉर्ड की गई है। जबकि 24 ब्लैक स्पॉट ऐसे हैं जहां पर दो दुर्घटना दर्ज हुई है। 49 ब्लैक स्पॉट ऐसे हैं जहां पर 3 से 5 दुर्घटना और 29 ब्लैक स्पॉट ऐसे हैं जहां पर 6 से 10 दुर्घटना रिकॉर्ड है। इसके अलावा 8 ब्लैक स्पॉट ऐसे हैं, जहां पर 10 से अधिक दुर्घटनाएं हुई हैं। फिर भी सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए अभी और अधिक काम करने की जरूरत है, क्योंकि 24 ब्लैक स्पॉट पर सुधारीकरण का काम किया जाना फिलहाल शेष रह गया है ।

# युवक की होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नैनीताल। कोटद्वार से नैनीताल घूमने पहुंचे युवक की होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक अपनी 21 वर्षीय महिला मित्र के साथ ठहरा था। पुलिस की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्रथमदृष्टया दवा की ओवरडोज लेने से मौत होने की आशंका है। शनिवार देर शाम सतपुली, कोटद्वार निवासी सुमित सिंह (20) अपनी महिला मित्र के साथ घूमने नैनीताल पहुंचा था। यहां पहुंचकर दोनों ने रात तल्लीताल नेशनल होटल में कमरा ले लिया। युवती का कहना है कि देर रात सुमित की तबीयत बिगड़ी तो उसने उसको संभालने की कोशिश की। जब उसकी धड़कन कम हुई तो उसने सीपीआर और ऑक्सीजन देने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। इसके बाद उसने होटलकर्मियों को सूचित किया। होटलकर्मियों की मदद से तड़के पौने चार बजे युवती अपने दोस्त सुमित को लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंची। जांच के बाद डॉक्टरों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया।

# कैंटर की टक्कर से मजदूर की दर्दनाक मौत

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। रोजी-रोटी की तलाश में घर से निकले एक मेहनतकश मजदूर की सड़क हादसे



में मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। सिरसा मोड़ पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में शक्तिफार्म निवासी 55 वर्षीय सुशांत गाईन की जान चली गई, जिससे एक परिवार की उम्मीदें हमेशा के लिए टूट गई।ग्राम रुदपुर, शक्तिफार्म निवासी सुशांत गाईन रविवार सुबह अपने छह साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर उत्तम नगर (किच्छा) के पास एक फार्म में पॉप्लर की पौध लगाने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब वह सिरसा मोड़ के पास हाईवे कट से मुड़ रहे थे, तभी सितारगंज की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुशांत गाईन की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ बाइक पर मौजूद साथी नान्टू मजूमदार ने बताया कि वह हाईवे पर चढ़ने से ठीक पहले बाइक से नीचे उतरे ही थे कि कुछ ही पलों में यह भयावह मंजर सामने आ गया। घटना की सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। हादसे की खबर जैसे ही गांव पहुंची, मृतक के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घर के मुख्य कमाने वाले सदस्य को खोने के बाद पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दुखद घड़ी में पूर्व ग्राम प्रधान एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बछाड़ ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए प्रशासन से मांग की है कि गरीब परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता और हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाए। इस घटना ने एक बार फिर हाईवे पर तेज रफ्तार के कहर और सड़क सुरक्षा के इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।




# खोये मोबाइल पाकर खिले स्वामियों के चेहरे

गदरपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोनों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गदरपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने आधुनिक तकनीक और सीईआईआर पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए महज एक माह के भीतर 16 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सोमवार को इन सभी फोनों को उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किया गया, जिससे लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। एसएसपी के निर्देशानुसार, गदरपुर पुलिस क्षेत्र में मोबाइल गुम होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका विवरण लगातार पोर्टल पर अपलोड कर निगरानी कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण के जरिए विभिन्न कंपनियों के फोन ट्रेस किए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 2,75,000 रुपये आंकी गई है। बरामद किए गए फोनों में आईफोन 13 प्रो, रियलमी 11 प्रो, वीवो, रेडमी, सैमसंग, पोको, ओप्पो, वनप्लस और टेक्नो जैसे ब्रांड शामिल हैं। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों ने गदरपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया और पुलिस की त्वरित कार्यप्रणाली की सराहना की। इस सफलता में हेड कांस्टेबल हरीश वर्मा, कांस्टेबल सआदत अली, लक्ष्मण कुमार, रविन्द्र बिष्ट, उमेश जोशी, कुन्दन सिंह, महिला कांस्टेबल जानकी बुढ़लाकोटी और होमगार्ड गिरीश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल पोर्टल पर जानकारी दर्ज कराएं ताकि तकनीक की मदद से उन्हें समय पर बरामद किया जा सके।



# बेहड़ का पुतला फूंकने पर विरोधियों को दी नसीहत

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ का पुतला जलाए जाने की घटना से कोली समाज के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। सोमवार को समाज के गणमान्य व्यक्तियों और युवाओं ने एक निंदा बैठक आयोजित कर पुतला फूंकने वालों पर समाज को बदनाम करने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने दो टूक कहा कि भाजपा से जुड़े समाज के मुट्ठी भर लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए पूरे कोली समाज को गुमराह कर रहे हैं, जो बेहद निंदनीय है। बैठक के दौरान वक्ताओं ने विधायक बेहड़ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि तिलक राज बेहड़ ने हमेशा सर्व समाज को साथ लेकर चलने की राजनीति की है। अनुसूचित क्षेत्रों, ग्रामीण बस्तियों और मलिन बस्तियों में सीसी रोड, नालियों और सामुदायिक भवनों का जाल बिछाकर उन्होंने साबित किया है कि वह वास्तव में विकास पुरुष हैं। वक्ताओं ने याद दिलाया कि जब बेहड़ रुद्रपुर के विधायक थे, तब उन्होंने रम्पुरा जैसे कोली समाज बहुल क्षेत्रों में ऐतिहासिक विकास कार्य कराए। रम्पुरा वार्ड में रामलीला टीन शेड, मंदिरों का सौंदर्यीकरण, सामुदायिक भवन और हाईस्कूल की स्थापना उनके कार्यकाल की बड़ी उपलब्धियां हैं।कोली समाज के नेताओं ने चेतावनी दी गई कि समाज के नाम पर राजनीति करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कोली समाज पूरी एकजुटता के साथ विधायक तिलक राज बेहड़ के साथ खड़ा है।निंदा बैठक में निवर्तमान पालिका



यह भी कहा कि किच्छा में दर्शन कोली को पालिका अध्यक्ष और मीनू कोली को रुद्रपुर ब्लॉक प्रमुख बनाने में विधायक बेहड़ की निर्णायक भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि पुतला फूंकने वालों को यह अहसान नहीं भूलना चाहिए कि कोली समाज को सत्ता की मुख्यधारा में सम्मान बेहड़ के प्रयासों से ही मिला। बैठक में अध्यक्ष दर्शन कोली, छोटेलाल कोली, सोमपाल कोली, उमेश कोली, रामचंद्र कोली, राजेश कोहली, बाबूराम कोली, धर्मेंद्र कोली, धर्मवीर कोहली, नंदलाल कोली, राजेंद्र, कमल कोली, रामकिशोर कोहली, राजेश कोहली, आकाश कोहली, देवकीनंदन, विकास, अनिल और बाबूराम समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।